# बस स्टैण्ड की बजाय मुख्य सड़क पर खड़ी होती हैं बसें

## दुर्घटनाओं को दे रही हैं आमंत्रण

नवभारत न्यूज

**कोठी, 11 दिसंबर, नगर में करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया गया बस स्टैंड कोठी अब अस्तित्व विहीन होता जा रहा है बसें सड़क पर खड़ी होने से आवागमन बाधित होने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है लेकिन जिम्मेदारों को इससे कोई लेना-देना नहीं है।**

नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा के कार्यकाल में लाखों की लागत से यात्री प्रतीक्षालय व अन्य सुविधा उपलब्ध करा कर बस स्टैंड को व्यवस्थित किया गया था इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष राकेश कोरी के कार्यकाल में बस स्टैंड परिसर पर सुलभ कांपलेक्स का निर्माण भी करवाया गया था कि यात्री बसें बस स्टैंड के अंदर आएंगी जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा ना हो परंतु आज तक इसका सही उपयोग न होने से बस स्टैंड का भी आस्तित्व खत्म होता जा रहा है साथ ही यात्री प्रतीक्षालय और सुलभ कांपलेक्स भी यात्रियों की राह देखता रहता है जिससे सभी जगह दुरुपयोग हो रहा है । यात्री बसें बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क पर खड़ी होती हैं जिससे दुर्घटनाओं की भी संभावना बढ़ जाती है क्योंकि मुख्य सड़क में आवागमन रहता है और सभी वाहन चलते हैं यात्री बसें बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क में खड़ी होने की वजह से




रास्ता अवरोध होता है जिससे दुर्घटनाएं होती रहती हैं पूर्व में एक दो लोगों की बस से टकराकर जान भी जा चुकी है साथ ही अन्य कई दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु व्यवस्थाएं दुर्घटनाओं के बाद कुछ दिनों तक ठीक रहती हैं उसके बाद जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते और बस स्टॉप की मनमानी के चलते ज्यों का त्यों फिर सड़क पर आ जाती हैं और बस स्टैंड का उपयोग ऑटो एवं ठेले गुमटियों वाले कर रहे हैं साथ ही यात्री प्रतीक्षालय पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है जिसमें वहां नशाखोरी भी होती है परंतु जिम्मेदार आज तक स्थाई रूप से ध्यान नहीं देते जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पता है और हालात फिर से वैसे ही आ जाते हैं जैसे बिन माली का बाग,जबकि अब बस स्टैंड के अंदर आने के लिए टू लाइन सड़क भी खाली रहती है फिर भी व्यवस्थाएं और बिगड़ रही हैं क्योंकि कोठी से सतना की तरफ जाने वाली बसें तो ठीक है कि अलग दिशा में खड़ी होती हैं परंतु सतना से कोठी होकर दूसरी कई दिशाओं में जाने वाली बसों का ठहराव एक ही जगह होता है वह भी मुख्य सड़क पर जिससे एक साथ कई बसें कई दफा हो जाती हैं जिससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है क्योंकि कोठी में प्रतिदिन 80 से अधिक बसों का संचालन प्रतिदिन होता है और कोठी से चित्रकूट मार्ग बिरसिंहपुर तथा सिंहपुर मार्ग में काफी अधिक बसों का परिचालन हो रहा है साथ ही कोठी में कई हजार की संख्या में यात्री प्रतिदिन आवागमन करते हैं क्योंकि कोठीके चारों दिशाओं से सैकड़ो गांव के लोगों का आना जाना रहता है परंतु व्यवस्थाओं के नाम पर कोठी में सब मजाक है सभी जिम्मेदार सिर्फ अपना समय पास कर रहे हैं।



# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## विवाह का झांसा देकर करता रहा शोषण

नवभारत न्यूज

**सतना,11 दिसंबर. नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर अपने प्रेम जाल में फंसाने के बाद विवाह का झांसा देते हुए उसका शारीरिक शोषण करता रहा. जिसके चलते बालिका न सिर्फ गर्भवती हो गई बल्कि उसे एक बच्चे को भी जन्म देना पड़ा. मामले की शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

मैहर जिले के देहात थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा पुलिस को बताया गया कि दुबेही निवासी 23 वर्षीय युवक धीरज कोल पिता सताई द्वारा उसके साथ शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया जाता रहा. पीड़िता के अनुसार वह अपनी बहन के ससुराल गई थी. जहां पर उसकी मुलाकात धीरज से हुई. धीरज ने पहले उसे अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाया और फिर उसके बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने लगा.

लड़की के बयान के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी युवक संदीप के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरु की गई और आरोपी को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

### अस्पताल में खुला मामला

लेकिन यह मामला पुलिस के संज्ञान में तब आया जब 5 दिसंबर को जिला अस्पताल सतना में भर्ती एक नाबालिग लड़की द्वारा नवजात को जन्म दिया गया था . यह जानकारी सामने आने पर महिला थाना सतना द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया गया . जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए मामले को देहात थाने भेज दिया गया .




# रीवा जिले में शामिल होने हुई जन जागरण बैठक

▸ मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर द्वारा विशेष जन जागरण अभियान के तहत द्वितीय चरण की जनसभा ग्राम पंचायत धोबहट में आयोजन

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 11 दिसंबर, मैहर जिले के अमरपाटन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर, परसिया, आमिन, धोबहट, आनंदगढ़ एवं पपरा को मैहर जिले से पृथक कर रीवा जिले में सम्मिलित किए जाने हेतु मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार कि प्रत्येक रविवार को उक्त 6 ग्राम पंचायतो में से किसी एक ग्राम पंचायत में जन जागरण अभियान के तहत आवश्यक बैठक एवं जन सभा का आयोजन किया जाएगा ।**

जिसके तहत ग्राम पंचायत धोबहट में द्वितीय चरण के तहत विशेष जन सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी 6 ग्राम पंचायतो से आए हुए संघर्ष समिति के पदाधिकारी गण एवं काफी तादात में उपस्थित समस्त ग्रामीण जनों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी के द्वारा यही कहा गया कि हम लोगों को रीवा जिले में जुड़ने से हर प्रकार से सुविधाजनक होने के कारण जनता को फायदा ही फायदा है, क्योंकि मैहर की दूरी 90 से 95 किलोमीटर जबकि रीवा की दूरी मात्र 15 से 20 किलोमीटर है, जिसमें खर्च और समय की बचत होगी रीवा में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है, चाहे तहसील, कलेक्ट्रेट, संभागीय कार्यालय अथवा अस्पताल हो कॉलेज हो हर विभाग के जिला एवं संभागीय कार्यालय होने के कारण हर दृष्टिकोण से रीवा सहज सरल एवं सुविधाजनक है । वक्ताओं द्वारा यह भी बताया गया कि मध्य प्रदेश की स्थापना 1956 के पूर्व जब विंध्यप्रदेश था,उस समय रीवा की उप राजधानी एवं तहसील आनंदगढ़ को बनाया गया था तथा देश की आजादी के बाद पहली बार 1952 मे विधानसभा चुनाव संपन्न कराए गए थे, उस समय मुकुंदपुर को विधानसभा क्षेत्र बनाया गया था तब उस समय उक्त सभी 6 ग्राम पंचायते रीवा जिले का हिस्सा हुआ करती थी ,इसलिए मैहर जिले की अमरपाटन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर सहित उक्त सभी ग्राम पंचायत को मैहर जिले से काटकर रीवा जिले में शामिल किया जाना अति आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशलेंद्र शरण शुक्ला अध्यक्ष मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर द्वारा किया गया, अन्य अतिथि गण राजमणि सिंह एडवोकेट सचिव, कुंज बिहारी मिश्रा मार्गदर्शक, विनोद कुमार पांडे सहित काफी तादात में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

# नगर परिषद कार्यालय में नेशनल लोक अदालत कल

**कोठी 11 दिसंबर,** नगर परिषद कार्यालय कोठी में दिनांक 13 दिसंबर शनिवार को सुबह 11 से लेकर 4 तक नेशनल लोक अदालत आयोजित है जिसका लाभ लोग समय से पहुँच कर ले सकते हैं बकायादार और सभी कनेक्शन धारी अपने प्रकरणों का निपटारा उक्त दिनांक को नगर परिषद कार्यालय पर अपने कागजात सहित पहुंचकर कर सकते हैं और अपने संपत्तिकर, जलकर , सामेतिक कर सहित अन्य प्रकार की बकाया राशि में लगने वाले अधिभार की छूट शासन की योजना अंतर्गत प्राप्त कर सकते हैं।

# कंदवारी ग्राम में सड़क रूपी नाला में आए दिन गिर रहे स्कूली बच्चे

▸ नहीं खुल रही किसी की आंखे

नवभारत न्यूज

**रामनगर 11 दिसंबर, मैहर जिले के रामनगर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदवारी ( मुर्तिहाई ) जो कि ग्राम पंचायत का राजधानी मोहल्ला कहा जाता हैं। यहां हैंडपम्प का पानी पूरे सड़क में बहता रहता है क्योंकि सोकता तक नहीं बनाया ।**

सरपंच गांव के विकास और घर के विकास कार्यों में इतना व्यस्त रहते हैं कि कभी घर के सामने ध्यान रह ही नहीं पाता।



ग्राम पंचायत को चारों दिशाओं में जोड़ने वाला मुख्य मार्ग, कक्षा 6 से 12 तक की विद्यालय का मुख्य मार्ग होने के बाद भी नहीं बन पा रहा सोखता टैंक बह रहा सड़कों पर पानी, स्कूल जाने वाले बच्चे कुछ सायकल और कुछ पैदल उसी कीचड़ से भरी सड़क से पर पढ़ने जाते है और आये दिन दो चार बच्चे गिर जाते है। लेकिन जिम्मेदारों की आंखें नहीं खुलती।

# नागौद ने जबलपुर को 30 रन से हराया

## महाराज कांति देव सिंह जू देव स्मृति ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट

नवभारत न्यूज

**नागौद 11 दिसंबर, बरमेंद्र क्रिकेट क्लब नागौद द्वारा आयोजित स्वर्गीय महाराज कांति देव सिंह जू देव स्मृति ऑल इंडिया लेदर बॉल टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट के पूल-ए के पहले सेमी फाइनल मुकाबले में रोमांचक खेल देखने को मिला।**

मैच में द्रोणाचार्य क्लब के समस्त सदस्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहला सेमी फाइनल बरमेंद्र क्रिकेट क्लब नागौद और डब्ल्यूसीआर जबलपुर के बीच खेला गया। नागौद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 160 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।आकर्ष सिंह ने 42 रनएवं अमरजीत यादव 43 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही और 130 रनों पर आल आउट हो गई।इस तरह नागौद की टीम ने 30 रनों से जीत दर्ज करते हुए पूल-ए के फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।



मैच का आंखों-देखा हाल विपिन सिंह एवं अनुराग सिंह ने सुनाया। अंपायर की भूमिका में मोहम्मद फारूक एवं प्रणय सिंह रहे, जबकि स्कोरर पवन पौराहा रहे।

### डिप्टी सीएम रोहिणी प्रसाद गौतम को श्रद्धांजलि देते देने पहुंचे

**कोटर ।** आज सतना जिले के कोटर में मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला दिनेश गौतम के निज निवास पहुंचकर स्वर्गीय रोहणी प्रसाद गौतम को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और परम पिता परमात्मा से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें । साथ में भाजपा के वरिष्ठ नेता नारेंद्र गौतम , एसडीएम , तहसीलदार, पटवारी भूपेंद्र गौतम, नगरपरिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति बबलू गौतम, सांसद प्रतिनिधि शांति स्वरूप अग्रवाल, पार्षद पंकज कुशवाह, आंनद पाठक, सुरेश पयासी, अनूप तिवारी रहे।



# रोड निर्माण करवाने कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## 7 दिवस में मांग पूरी नहीं हुई तो होगा जनांदोलन : आशुतोष

नवभारत न्यूज

**सतना 11 दिसंबर, आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव व अखिल भारतीय किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश बुंदेलखंड के प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने अनुविभागीय अधिकारी आई.ए.एस महिपाल सिंह गुर्जर को दो बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा .**

जिसमें कहा की चित्रकूट नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में आदिवासी बस्ती है जहां आजादी के बाद आज दिनांक तक रोड नहीं बनी है लगातार मीडिया और सोशल मीडिया में देखने को मिलता है कि ग्रामीण जन प्रसूता महिलाओं को पालकी में उठाकर जंगल से उतारकर मुख्यमार्ग तक लाते हैं वही अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसे भी पालकी में गांव तक पहुंचाया जाता है इतना ही नहीं हजारों की जनसंख्या वाली आदिवासी बस्ती में जाने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं है महोदय यह वही चित्रकूट धाम है जो प्रभु श्रीराम की कर्मस्थली है लेकिन ऐसी तपोभूमि की



आदिवासी बस्ती आज भी मूलभूत सुविधाओं व सड़क के लिए मोहताज है जिसमें सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना अति आवश्यक है वहीं दूसरी ओर मझगवां बायपास से नगर के अंदर आने वाली सड़क को कृष्णा इंफ्रा कंपनी द्वारा बिना डायवर्शन दिए पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि यह नियम विरुद्ध है आज दिनांक तक ऐसा कहीं नहीं हुआ की पुलिया का निर्माण करते समय डायवर्सन ना दिया गया हो जिसके कारण मझगवां मार्केट आने वाले लोगों को 5 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है जिसे खुलवाए जाना अति आवश्यक है आगे श्री द्विवेदी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा अगर हमारी मांग का निराकरण 7 दिवस के अंदर नहीं होता तो हम सब क्षेत्रिय जन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट रामभजन द्विवेदी,अवधनरेश शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव,रामशिरोमन द्विवेदी,दिलदार सतनामी अमिरती, शिवम गौतम,राहुल सोलंकी,लवकुश विश्वकर्मा,सोहन वर्मा, राघवेंद्र मवासी थरपहाड़ ,दद्दू मवासी थरपहाड़,राजेंद्र मवासी,राजकुमार मवासी, नरेंद्र यादव,कमलेश मवासी,रामकिशोर मवासी,लखन पटेल,राजकुमार गोड़ सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# खिलाड़ी खेल भावना से खेलें : डॉ . रशिम पटेल

नवभारत न्यूज

**अमदरा 11 दिसंबर, अमर शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल स्मृति क्रिकेट टूनामेंट सीजन 2 के दूसरे दिन मुख्यातिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ.रशिम सिंह रहीं । उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लिया और खेल भावना से खेलने की बात कही।**

आज प्रथम मैच नईबस्ती और पलोहा के मध्य खेला गया जिसमें पलोहा टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर के जीत हासिल की दूसरे मैच सुरमा और कुठिलगवा के बीच खेला गया जिसमें कुठिलगवा ने अपने शानदार प्रदर्शन से जीत हासिल की तीसरा मैच परसवारा



और धतुरा के बीच खेला गया जिसमें परसवारा ने शानदार जीत हासिल की एवं चौथे मैच में सोनवरी और तिलौरा टीम के मध्य खेला गया जिसमें सोनवरी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से जीत हासिल की। सुखेन्द्र पटेल ने सभी खिलाड़ियों के खिलाड़ी भावना के साथ खेलने पर तारीफ की । इस अवसर पर संजय रजक, अनुराधा श्रीवास्तव, अमदरा सरपंच राजेश सिंह, अग्निवीर निखिल चतुर्वेदी ,अग्निवीर अंकुश साहू, अग्निवीर मोहित यादव, अग्निवीर राजवीर सिंह, शुभम सोनी विक्की, पी के भाई, प्रिंस सिंह, कुलदीप सिंह, इरफान खान, सालमन खान, पप्पू भाई एवं अमदरा क्षेत्र के काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# मझगवां में कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**मझगवां 11 दिसंबर। शासकीय महाविद्यालय मझगवां द्वारा उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'कॉलेज चलो अभियान' का शुभारंभ शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय मझगवां में किया गया।**

यह अभियान मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य लक्ष्य कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अजीत कुमार ने अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। डॉक्टर साधना शर्मा ने छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा




नीति 2020 की विस्तृत जानकारी दी, जिसमें बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट सिस्टम और कौशल आधारित पाठ्यक्रम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया। इसके उपरांत डॉक्टर राखी सिंह सोलंकी और, डॉक्टर चंद्रप्रभा पांडे ने कैरियर काउंसलिंग के बारे में जानकारी दी और अमित कुमार कश्यप ने कार्यक्रम का फीडबैक व्यक्त किया तथा छात्रों से उच्च शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। डॉक्टर निशा तिवारी ने मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । कार्यक्रम में विकास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अभियान के तहत आसपास के स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक छात्र शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश लें।




# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम आयोजित

नवभारत न्यूज

**कोटर 11 दिसंबर, सरस्वती शिशु मंदिर महिदल में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम विगत दिवस आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती माया पांडेय,अध्यक्षता श्रीमती शीला वर्मा (प्राचार्य), विशिष्ट अतिथि श्रीमती कमलेश पांडेय ,मुख्य वक्ता श्रीमती राजकुमारी शुक्ला कुटुंब प्रबोधन पर अपने विचार रखीं। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्रीमती ललिता द्विवेदी विद्यालय की दीदी द्वारा प्रस्तुत किया गया,श्रीमती ज्योति शुक्ला द्वारा भारत के विकास में महिलाओं का योगदान पर विचार रखीं ,विद्यालय की दीदी द्वारा बेगम, ज्ञानवती साकेत का सम्मान किया गया, पलक सिंह, पुष्पा प्रजापति,प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी, आचार्य लवकुश त्रिपाठी,अभिषेक तिवारी , समस्त विद्यालय परिवार एवं माताएं शामिल हुए।

# फाटक रहित बांधों में बोरी बंधान कर जल सहेज रहीं प्रस्फुटन समितियां

## मुख्यमंत्री के आह्वान पर गांव-गांव बन रहे बोरी बंधान



नवभारत न्यूज

**सतना 11 दिसंबर,मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्रेरणा से जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन और कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लॉर्ड के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जल संचयन अभियान चलाया जा रहा है।**

इस अभियान के तहत जिला सतना के विकासखंड मँझगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत टेढ़ी पतमनिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, पालदेव द्वारा संस्था बद्रीस सेवा संस्थान के संयोजन में बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता श्री संजू कुमार मिश्रा, संस्था प्रभारी श्री रामप्रकाश त्रिपाठी सहित प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी सुशील गौतम अध्यक्ष, धर्मेंद्र तिवारी सचिव, पुष्पराज तिवारी, हिमांशु साहू, सिद्ध प्रसाद पाण्डेय प्रीति पाठक, प्रवीण तिवारी, सुशील मिश्रा, सचिन पाण्डेय, बुद्ध विलास यादव, अमित रजक, हरिओम द्विवेदी, शिवम् तिवारी, शिवम् गौतम उपस्थित रहे।उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा जल संवाद के माध्यम से जल के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छ रखने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तथा सामूहिक संकल्प के माध्यम से जल को बचाने तथा समाज को जल के प्रति जागरूक करने की शपथ ली गई।

### कड़ाके की ठंड में जरुरतमंदों को कम्बल वितरित

**सतना ।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सतना मैन द्वारा देवालय समाज सेवा समिति सतना समर्थ के साथ मिलकर जरूरतमंद तक सार्थक सेवा अभियान के तहत रात्रिकालीन कंबल वितरण के अंतर्गत रात्रि 10 बजे से 12.30 बजे तक सिंधी कैम्प, सन्तोषी माता मन्दिर क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर, बस स्टैंड, रेल्वेस्टेशन, रोड के किनारे क्षेत्रों में ठंड से ठिठुरते हुए जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने का प्रयास किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंदों तक पहुच कर उन्हें इस कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत देना है। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सतना मैन के अध्यक्ष सतीश जैन, सचिव संजय जैन, कोषाध्यक्ष अजित जैन, वरिष्ठ सदस्यगण भूपेन्द्र जी,मुकुल जी, विजय भाई, युवा साथी गौरव सेठ और विनय जैन ने कड़कड़ाती ठंड में देर रात तक देवालय के संयोजक चौहान जी के साथ मिलकर यह महान सेवाकार्य सम्पन्न किया।





### सेवा भारती के पदाधिकारियों ने किया ग्रामोदय कला दीर्घा का अवलोकन

**चित्रकूट, 11 दिसंबर ।** गत दिवस महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस स्थित कला दीर्घा में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख के व्यक्तित्व और कृतित्व पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन सेवा भारती के राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों ने किया। इस मौके पर सेवा भारती के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विजय पुराणिक, कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री गजेन्द्र , महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री आत्माराम आदि मौजूद रहे। डॉ राकेश कुमार ने कला दीर्घा प्रदर्शनी के उद्देश्य और संरचना पर प्रकाश डाला। गुरु प्रकाश शुक्ल और सुशील मिश्रा ने ग्रामोदय परिवार की ओर से स्वागत किया।

# स्कूल में गर्म कपड़े बांटे, बच्चों में दिखा उत्साह



नवभारत न्यूज

**उचेहरा 11 दिसंबर, जब जरूरत मन्दो को कोई जरुरी सुविधा अचानक मिल जाती हैं ऐसी स्थिति में उत्साह दिखाई देना स्वाभाविक बात है कुछ इसी तरह का हुआ जब ठंड के बढ़ते सितम में राष्ट सेविका समिति की पदाधिकारी जनपद शिक्षा केंद्र के माध्यमिक शाला पपरेंगा में गर्म कपड़े लेकर पहुंच गईं .**

मानो उस समय बच्चों के चेहरे में एक अलग सी मुस्कान देखने को मिल रही थी जैसे ही गर्म कपड़े बांटने की भनक गांव वालों को लगी हासिल जानकारी अनुसार करीब 4 दर्जन भर ग्रामीण स्कूल पहुंच गये जिनमे से 70 बच्चे स्कूल के और 40 ग्रामीण (महिलाओं सहित) जनों को गर्म कपडे वितरित किये गए । चूंकि पपरेंगा गांव आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं मानवीय संवेदना को देखते हुये राष्ट्र सेविका समिति जिला मैहर द्वारा बीते द्वारा इस वर्ष जैसे ही समिति के पदाधिकारी गर्म कप? स्कूल में वितरित करने पहुंची जरुरत मंद स्कूल के बच्चे गर्म कप? पहन खुसी से खूब उछले जैसे ही यह खबर गांव तक पहंची वहां से भी लोग स्कूल पहुंचने लगे । इस पुनीत कार्य की हर तरफ सराहना की जा रही हैं। इस मौके पर समिति की ?ला कार्यवाहिका श्रीमती रानी ताम्रकार, सह नगर कार्य वाहिका अहिल्या गुप्ता ,राष्ट्र सेविका मिथला सोनी, अग्रवाल समाज सदस्य ममता अग्रवाल सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।